# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री


11 इंद्रावती नदी के सातधार वॉटरफाल में डूबा नाबालिग





12 विद्युत ठेकाकर्मी आत्महत्या में परिजन करेंगे मगरलोड थाना ...





अधिकृत विक्रेता : श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स

कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप

बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107

V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप

ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप


## खबर संक्षेप

### 7 जनवरी को होगी आरक्षण की कार्रवाई

**धमतरी।** नगर पालिक निगमों के महापौर तथा नगर पालिका परिषद् एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों के पदों का आरक्षण 27 दिसम्बर को प्रातः 10:30 बजे से पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साईंस कॉलेज परिसर रायपुर में किया जाना था। इसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया। यह कार्यवाही 7 जनवरी मंगलवार को पूर्व नियत स्थल एवं समय पर की जाएगी।

### भर्रीगांव में मानसगान सम्मेलन 10 से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम भर्रीगांव में मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान सम्मेलन का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक किया गया है। सम्मेलन का शुभारंभ 10 जनवरी को जिला पंचायत सभापति मीना सत्येन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य, सरपंच सुनीता साहू की अध्यक्षता एवं ग्राम विकास समिति अध्यक्ष भगवानी राम साहू, पुष्पाबाई साहू, अहिल्या बाई साहू, राजकुमारी साहू, त्रिवेणी साहू, गिरजाबाई साहू, कुशल राम साहू, संजय साहू के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। समापन 12 जनवरी को विजय वर्मा के मुख्य आतिथ्य में होगा। हरखराम साहू अध्यक्षता करेंगे। विशेष अतिथि मेनसिंह साहू, देवसिंह साहू, सोनउ राम मात्रे, सेवकराम साहू, गोविंद राम साहू होंगे।



### धान उठाव में तेजी लाने प्रशासन से की मांग

**धमतरी।** जिले की 74 सहकारी समितियों के 100 उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी हो रही है। मिलरों की हड़ताल समाप्त होने से अब धान के उठाव में तेजी आई है, लेकिन उसना मिलर का डीओ जारी होने से धान के उठाव में डबल तेजी आएगी। नरेंद्र कुमार साहू कार्यवाहक अध्यक्ष ने जिला प्रशासन से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द उसना मिलर का भी डीओ जारी किया जाए। जिस समिति में अधिक धान जाम है, उठाव नहीं हो रहा है, ऐसी समितियों को चिन्हांकित कर अधिक से अधिक डीओ जारी किया जाए। मेघा पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण मेघा समिति में अधिक धान जाम हो गया है।

छह साल पुराने वाहनों में अनिवार्य रूप से हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगाने के निर्देश

# अब हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण मार्क के बिना नहीं चलेंगी गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

6 साल पुराने सभी वाहनों में अब हाई सिक्युरिटी मार्क वाली नम्बर प्लेट लगाई जायेगी। मोटरयान अधिनियम के तहत इसे अनिवार्य कर दिया गया है। वाहन मालिकों को चार माह का समय दिया गया है। इस अवधि में वे हाई सिक्युरिटी मार्क वाली नम्बर प्लेट नहीं लगाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

वाहनों की चोरी सहित वाहनों से कई अन्य प्रकार के अपराध के मामले बढ़ गए हैं। कई बार तो नम्बर प्लेट बदलकर अपराध किए जाते हैं। इन समस्याओं को देखते हुए परिवहन मंत्रालय ने हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों में यह चिन्ह लगाया जाना है। जिला परिवहन अधिकारी एमए मुजाहिद ने बताया कि यह चिन्ह प्राइवेट और कामर्शियल दोनों प्रकार के वाहनों में लगाया जाना है। हर वाहन के लिए शुल्क अलग - अलग है। उन्होंने बताया कि वाहन मालिक वाहनों के शो रूम या परिवहन विभाग जाकर अपने वाहन में हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण मार्क लगवा सकते हैं। वाहन मालिक विभागीय वेबसाइट सीजी ट्रांसपोर्ट डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए शुल्क ऑनलाइन भुगतान करना होगा। वाहनों की नम्बर प्लेट में यह मार्क लगाने का काम शुरू हो चुका है। 6 साल पुराने सभी वाहनों में इस मार्क को लगाने के लिए चार माह का वक्त दिया गया है। यदि वाहन मालिक अपने वाहनों में यह मार्क नहीं लगवाते हैं, उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।



### इन दरों पर लगेगी नम्बर प्लेट

दोपहिया वाहन, कृषि उपयोगी ट्रैक्टर, पावर ट्रिलर के लिए बेस प्राइस 310 रुपए निर्धारित किया गया है। इसमें 55.80 रुपए जीएसटी के साथ मूल्य 365.80 रुपए है। तीन पहिया वाहनों में 362 रुपए, 65.16 रुपए जीएसटी के साथ 427.16 रुपए, हल्के वाहन, पैसेंजर कार के लिए 556 रुपए, 100.08 रुपए जीएसटी के साथ 656.08 रुपए निर्धारित हैं। सभी नम्बर प्लेट 100 रुपए अतिरिक्त शुल्क लेकर लगाई जाएगी।

### वाहन की सुरक्षा के लिए जरूरी

हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट वाहन की सुरक्षा और वाहन मालिकों की सुविधा के लिए है। ई - चालान से वचने के लिए वाहन मालिकों को यह नम्बर प्लेट लगाना अनिवार्य है। 19 मार्च 2025 तक सभी वाहनों में यह नम्बर प्लेट लगनी है। अनाधिकृत रूप से हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगाने वाले डीलरों या अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**- एमए मुजाहिद,**
*जिला परिवहन अधिकारी*

# आज सीएम स्वामित्व कार्ड, आबादी के अधिकार अभिलेख का वितरण करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शाउमावि के एकलव्य खेल परिसर में आज दोपहर 12 बजे स्वामित्व कार्ड, आबादी के अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरूराम निषाद, सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर, विधायक धमतरी ओंकार साहू, विधायक सिहावा अंबिका मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी और महापौर विजय देवांगन होंगे। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग व्यवस्था, स्टॉल लगाने की व्यवस्था, पानी, बिजली इत्यादि व्यवस्था का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, ननि आयुक्त प्रिया गोयल, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




- डॉ.शोभाराम देवांगन स्कूल के एकलव्य खेल परिसर में होगा कार्यक्रम
- कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# अब तक नहीं पकड़े गए चोर, पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही



मंगलवार की रात्रि सिहावा रोड की 9 दुकानों का टूटा था ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिहावा रोड स्थित 9 दुकानों का ताला तोड़ चार दुकानों से लगभग 2.50 लाख रूपए की चोरी कर फरार आरोपियों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है। पुलिस फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार की रात्रि सिहावा रोड स्थित दुकानों का अज्ञात चोर ने एक के बाद ताला तोड़ा था। बुधवार की सुबह दुकानदारों के पहुंचने पर चोरी की घटना की जानकारी हुई। इस दौरान सात दुकानों के ताला टूटने की जानकारी सामने आई थी, जिसमें से लगभग दो लाख रूपये की चोरी हुई थी। बाद में आसपास की दो और दुकानों का ताला टूटने की घटना सामने आई, जिसमें से एक दुकान से नकदी की चोरी हुई थी। सिहावा रोड के 500 मीटर के क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने कुल 9 दुकानों का ताला तोड़ा था, जिसमें से उज्जवल ब्रोकर की दुकान से 1 लाख 20 हजार, श्रीजी ट्रेडर्स से 50 हजार, शरद चौबे की दुकान से 20 हजार व सुरेश वल्यांनी की दुकान से नकदी 50 हजार कुल 2.50 लाख रूपए की चोरी हुई है। अन्य दुकानों का सिर्फ ताला टूटा है। जांच में जुटी पुलिस घटनास्थल के आसपास के दो-तीन स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है, जिसमें तीन युवक नजर आ रहे हैं। एक नकाबपोश युवक रॉड लेकर दिलेरी के साथ घूमता दिख रहा है। वहीं दूसरा क्रिकेट बैट से लैस दिख रहा है। चोरी करने के तरीके व प्राप्त सीसीटीवी फुटेज से चोरों के लोकल होने की संभावना को देखते हुए साइबर की टीम मुखबिरों के साथ सक्रिय हो गई है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की संभावना जताई गई है।

### आरक्षक भर्ती के दौरान अभ्यर्थी हुआ घायल



**धमतरी।** रूद्री में चल रही आरक्षक संवर्ग की भर्ती प्रकिया में ऊंची कूद के दौरान एक अभ्यर्थी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

- बायें हाथ में लगी चोट

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री पुलिस लाइन में आरक्षक संवर्ग की भर्ती प्रक्रिया जारी है। गुरूवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आरक्षक भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। गरियाबंद जिले के कमलेश साहू पिता संतोष कुमार उम्र 22 वर्ष भी आरक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने रूद्री पुलिस लाइन पहुंचा था। अभ्यर्थी कमलेश ने प्रथम चरण में गोला फेंक में भाग लिया। तत्पश्चात ऊंची कूद में हिस्सा लिया। ऊंची कूद के दौरान अभ्यर्थी घायल हो गया। उसके बायें हाथ की कुहनी में चोट लग गई, जिसे भर्ती स्थल पर खड़ी एम्बुलेंस से तैनात जवानों द्वारा तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल अभ्यर्थी का प्राथमिक उपचार किया गया।


अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

पढ़ते रहिए हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी


चरोटा-गातापार मोड़ पर नाली किनारे बोरी में मिला था नवजात

# एसएनसीयू में भर्ती नवजात शिशु के स्वास्थ्य में हो रहा सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती नवजात शिशु के स्वास्थ्य में लगातार सुधार आ रहा है। नवजात को दूध पिलाना शुरू कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार की सुबह भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम चरोटा-गातापार मोड़ के पास नाली किनारे बोरी में जीवित हालत में एक नवजात शिशु मिला। घटना की जानकारी होने पर मितानिन राधा ध्रुव नवजात को उपचार के लिए ग्राम कोर्रा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गई। प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस की मदद से नवजात को जिला अस्पताल लाया गया। शिशु को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। शिशु को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, जिसके चलते उसे आक्सीजन पर रखा गया। डाक्टरों व स्टाफ की सतत मॉनिटरिंग व उपचार से 24 घंटे बाद शिशु के स्वास्थ्य में सुधार दिखाई दिया। गुरूवार से शिशु को दूध पिलाना शुरू कर दिया गया। लगभग सप्ताह भर के बाद शिशु को बाल कल्याण समिति-सीडब्ल्यूसी को सौंपा जा सकता है। तत्पश्चात शिशु को दत्तक ग्रहण एजेंसी कांकेर में रखा जाएगा।



### शिशु का वजन 2 किलो 800 ग्राम

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश देवांगन ने मीडिया को बताया कि अभी शिशु का वजन 2 किलो 800 ग्राम है। स्वास्थ्य में लगातार सुधार आ रहा है। बच्चे को बड़ी आक्सीजन यूनिट से निकालकर छोटी यूनिट में शिफ्ट किया गया है। गुरूवार से दूध पिलाना शुरू किया गया है। प्रत्येक तीन घंटे में शिशु को 5-5 एमएल दूध पिलाया जाएगा।

### अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज

इस संबंध में गांव की मितानिन राधा ध्रुव की शिकायत पर भखारा थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 93 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## खबर संक्षेप

### हथबंद में त्रिदिवसीय कबीर सत्संग आज से

**जीजामगांव।** ग्राम हथबंद में त्रिदिवसीय कबीर सत्संग का आयोजन 27 दिसम्बर से आरम्भ होगा। जिसमें ज्ञान आश्रम सोनारदेवरी से सुश्री साध्वी चंद्रकला साहेब सहित अन्य संतों का प्रवचन होगा।



प्रवचन सुबह 11 से 2 बजे एवं दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगा। यह आयोजन विजय कुमार साहू, श्रीमती उत्तरा साहू द्वारा किया जा रहा है। 29 दिसम्बर की रात्रि में त्रिवेणी साहू उरकुरा रायपुर की पंडवानी बालाराम साहू द्वारा आयोजित की गई है। तैयारी में देवेंद्र, दिलेश्वरी, हिना, आशीष, रुपराम, रामेश्वर, नारायण, नरोत्तम, जगत, भगत, मोहन, पोखन, रामाधार, संतोष, तेजराम, झबलेश, जीवराखन, आदित्य, लोकेश सचिव, कबीर परिवार एवं ग्रामवासी जुटे हैं।

### भृत्य कल्याण संघ की बैठक कल

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ जिला धमतरी की बैठक 28 दिसम्बर शनिवार को सुबह 11 बजे मिशन ग्राउंड धमतरी में रखी गई है। जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, उपाध्यक्ष किशोर कुमार साहू, सचिव सोमनाथ तारक एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि बैठक में नियमितीकरण के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### साय सरकार ने सभी वर्ग के लिए काम किया : आलोक

**नगरी।** छग में भाजपा ने विधानसभा चुनाव के वक्त महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की घोषणा की थर। भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले महतारी वंदन योजना के तहत हर महिल के खाते में एक हजार डालकर अपना वादा पूरा किया। आज यह महिलाओं के लिये वरदान साबित हुआ है। आलोक सिन्हा ने आगे कहा कि बीते 12 महीने में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में विष्णुदेव सरकार सफलता के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। साय सरकार ने प्रदेश के सभी वर्ग के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की।

## निधन

### छबिलाल साहू

**सांकरा।** ग्राम सांकरा स्कूलपारा निवासी छबिलाल साहू का बुधवार को निधन हो गया। वे कुमेश साहू के पिता एवं बोधन, केशव, घनश्याम, धर्मेंद्र साहू के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सांकरा में किया गया जिसमें परिजन एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

अटल बिहारी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता और समृद्धि हासिल की : हेमंतमाला

# आमदी में हुआ अटल जी की प्रतिमा का वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पूरे प्रदेश में अटल जी की प्रतिमाओं के लिए वर्चुअल भूमिपूजन किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत आमदी में भी वर्चुअल भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां मुख्यमंत्री ने अटल जी की प्रतिमा के लिए भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष हेमन्त माला, असरु साहू, नीलकंठ साहू, प्रेम साहू, कोमल यादव, उमानंद कुम्भकार, बेनी साहू, राधे पटेल, चंद्रशेखर साहू, ज्ञानेश्वर साहू, सुरेश, चोवा, बंशी साहू, सुनीता साहू ,रेवत साहू, मुख्यनगरपालिका अधिकारी भूपेश दीवान, उप अभियंता डिगेश्वर साहू, नारायण नेताम, भेषज कामता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अटल जी के योगदान और उनके नेतृत्व के बारे में बताया। भारतरत्न श्री अटल जी की राजनीतिक दूरदृष्टि और उनके सिद्धांतों ने देश को एक नई दिशा दी। उनकी याद में प्रदेश भर में उनकी प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, ताकि आने वाली पीढ़ी को उनके योगदान का अहसास हो सके।

नगर पंचायत अध्यक्ष हेमन्त माला ने कहा कि आज हम भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा के लिए वर्चुअल भूमिपूजन का हिस्सा बने। अटल जी का जीवन देश सेवा और उनके विचारों से प्रेरित था। उनके नेतृत्व में भारत ने जो आत्मनिर्भरता, सशक्तता और समृद्धि हासिल की, वह हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। नगर पंचायत आमदी में भी अटल जी की प्रतिमा की स्थापना कर उनके योगदान को सदैव याद रखेंगे। अटल जी ने हमेशा भारतीय संस्कृति, लोकतंत्र और एकता के लिए कार्य किया। उनकी दूरदर्शिता, नीतिगत स्थिरता और नेतृत्व का कोई मुकाबला नहीं कर सकता। हम उनके पदचिन्हों पर चलकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# मगरलोड कालेज में गुरू गोविंद के वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस का आयोजन कर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस मनाने का आह्वान किया जिसके तहत गुरु गोविंद सिंह के वीर सपूतों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को नमन करना है। इसी क्रम में महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी समझ वीर बाल दिवस पर रखी। लेखा सिन्हा, लोकेश्वरी, हामेश कुमार, नरगिस एवं सिद्धि मानिकपुरी ने गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह, बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह के सर्वोच्च बलिदान को याद कर नमन किया। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करते हुए बाल वीरों ने अपना बलिदान दिया था। जिससे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. घनश्याम देवांगन, कौसलेश कुमार ध्रुव, डॉ.यशोदा साहू, निरूपा साहू, डॉ रमा चंद्राकर, डॉ सुशीला साहू, दीपक कश्यप, डॉ. विनोद कुमार, अनीता साहू, योगेश साहू, सुषमा टंडन, नेहा चंद्राकर, नीरज साहू समेत महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बेलरगांव मंडल में मनाई गई अटल जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत बेलरगांव में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। अटल चौक पर पूजा- अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। मौके पर सरपंच उमेंद्र दीवान, जनपद उपाध्यक्ष हुमित लिमजा, मंडल अध्यक्ष मनोहर मानिकपुरी, ग्राम पटेल अमरसिंह पटेल, ग्राम समिति अध्यक्ष लीलाबंर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर आडील, डा.एसके नाग, डा. एएल देवांगन, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मौर्यध्वज सेन, मंडल कोषाध्यक्ष भुवनदास मानिकपुरी, गिरधर साहू, सीमा देवांगन, बासन देवांगन, ईश्वरी यादव, कोमल देवांगन, नरोत्तम साहू, अमरचंद साहू, कमलेश देवांगन, शंभूनाथ साहू उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड






भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती भाजपा कार्यालय मगरलोड में मनाई गई। भाजपाइयों ने कहा कि अटल बिहारी भारतीय राजनीति में शुचिता के पर्याय थे। मर्यादित वैचारिकी के अद्वितीय ध्वज वाहक, राजनैतिक समझ को संतुलित व सरोकारपूर्ण बनाने वाले धनी थे।

मौके पर मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शत्रुघ्न साहू, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदनी सिन्हा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री चेतन साहू, मंडल महामंत्री रामायण सिन्हा, पार्षद झमित सिन्हा, पार्षद दुर्गा साहू, पार्षद दिनेश साहू, डीहू राम साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, मंडल मंत्री मिलन नेताम, महिला मोर्चा महामंत्री भानु प्रिया साहू, बेदम चौहान, श्रवण साहू मुरली सिन्हा, देवराज देवांगन, तिलक साहू, पदमणि साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, शांति देवांगन, श्यामा साहू, चमेली साहू, योगेंद्र सिन्हा, जीतू साहू, योगेश कोसले, योगेश साहू समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# करेली बड़ी में सड़क का चौड़ीकरण, हसदा-परेवाडीह होते हुए नयापारा निकलेंगे वाहन

- मार्ग डायवर्ट होने से 10 दिनों तक बढ़ेगा दबाव, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

एडीबी द्वारा करेली बड़ी में सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। कुछ जगह की चौड़ाई कम होने से कार्य करने में परेशानी हो रही है। इससे सड़क दुर्घटना की सम्भवना बनी हुई है। ऐसे में मार्ग के डायवर्ट वाहन होने से वाहन चालक अन्य मार्ग से आवागमन करेंगे।

सड़क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 25 दिसम्बर से मार्ग को डायवर्ट किया गया है। चालक करेली बड़ी अटल परिसर हसदा मार्ग से सीधे परेवाडीह की ओर भेंडरी होते हुए नयापारा जाएंगे और नयापारा से करेली बड़ी आने के लिए इसी सड़क मार्ग का उपयोग करेंगे। नारी से खट्टी, करेली बड़ी मार्ग बंद है। लोक निर्माण विभाग द्वारा सांकेतिक बोर्ड लगाया गया है। एडीबी से मिली जानकारी के अनुसार ए.डी.बी. लोन 3 अंतर्गत बुडेनी नयापारा परसवानी मगरलोड मोहंदी बोरसी भोयना मार्ग का पुनर्निर्माण एवं उन्नयन कार्य प्रगतिरत है। उक्त मार्ग के ग्राम करेलीबड़ी के ग्रामवासियों का आवासीय पट्टा एवं निजी भूमि का मुआवजा प्रकरण उच्च न्यायालयों में विचाराधीन होने के कारण उपलब्ध सड़क शासकीय भूमि में सड़क निर्माण का कार्य द्रुतगति से कराया जा रहा है किन्तु सड़क की चौड़ाई कम होने व आवागमन में वाहनों की अधिकता के कारण कार्य में विलम्ब तथा दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। कुरूद से नारी, करेलीबड़ी होकर मगरलोड मेघा आने वाले वाहनों को कुरूद से नारी से खट्टी, परसट्ठी, भेण्ड्री परेवाडीह हसदा से करेलीबड़ी होकर मगरलोड मेघा की ओर परिवर्तित मार्ग का उपयोग करना है। इसी प्रकार मेघा मगरलोड करेलीबड़ी भेण्ड्री से नयापारा राजिम की ओर जाने वाले यातायात को मेघा मगरलोड करेलीबड़ी हसदा, परेवाडीह भेण्ड्री नयापारा में परिवर्तित किया जा सकता है। सड़क निर्माण तक लगभग 10 दिनों के लिए ग्राम करेलीबड़ी के बस्ती भाग से गुजरने वाले वाहन चालकों को दर्शाये गये परिवर्तित मार्ग का उपयोग करेगा। विभाग ने इसकी जानकारी कलेक्टर, एसपी समेत अन्य विभाग को दी है।

# महतारी वंदन योजना की लाभार्थियों का हुआ सम्मान

- अटल बिहारी वाजपेयी ने छग राज्य की स्थापना सहित कई अहम कार्य किये : प्रीतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)



भारतीय जनता पार्टी मंडल पुरूर सहित ग्रामीण अंचल के अटल चौक में पंचायत एवं बूथ स्तर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने श्री बाजपेयी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन किया। वहीं महतारी वंदन योजना की लाभार्थी माताओं का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि शासन दिवस मनाने का उद्देश्य सुशासन के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। श्री वाजपेयी ने प्रधानमंत्री रहते हुए प्रदेशवासियों की इच्छा के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना सहित कई अहम कार्य किये हैं। देश की सुरक्षा के लिए उन्होंने परमाणु परीक्षण कर पूरे विश्व में देश का मान बढ़ाया है। पुरूर मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आदित्य पिपरे, महामंत्री मेहत्तर नेताम, सुरेन्द्र तिवारी, मिथिलेश साहू ने भारतरत्न से सम्मानित श्री वाजपेयी के छत्तीसगढ़ के लिए किये गये योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके कारण ही आज छत्तीसगढ़ निरंतर आगे बढ़ रहा है।

मौके पर अजेन्द्र साहू, प्रहलाद साहू, संजय साहू, द्वारिका प्रसाद सिन्हा, बिसम्भर साहू, महेन्द्र साहू, योगेश्वर साहू, सुरेन्द्र साहू, कुलेश्वर साहू, उमेन्द्र यादव, प्रदीप साहू, डामेश्वरी साहू, संध्या साहू, सुनीता साहू, राधाबाई साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्रकृति परीक्षण के लिए लोग आगे आएं : महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में संविधान दिवस पर प्रारंभ देश का प्रकृति परीक्षण अभियान चल रहा है। महेंद्र नेताम सरपंच मुनईकेरा ने देश एवं नगरी सिहावा क्षेत्र के नागरिकों से निवेदन किया है कि सभी प्रकृति परीक्षण कराकर देश के प्रधानमंत्री द्वारा जनहित के लिए इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएं एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करें। प्रदेश में अब तक 5 लाख से ज्यादा नागरिकों का आयुर्वेदिक सिद्धांत के अनुसार प्रकृति वात, पित्त, कफ का परीक्षण किया जा चुका है।

## बोरझरा में गुरू घासीदास बाबा की जयंती पर समाज के गौरव हुए सम्मानित

# सात्विक जीवन और उच्चतम विचार सतनामियों की पहचान : डॉ. कुर्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



दिसंबर माह को सतनामी समाज गुरु पर्व के रूप में मनाता है। इस दौरान गांव से लेकर शहर तक सामाजिक समरसता का संदेश देने गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाते हैं। गुरुवाणी का बखान कर बाबा के संदेश को जन मानस तक पहुंचाते है। इसी तर्ज पर ग्राम बोरझरा में भी गुरु घासीदास जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे थे। अध्यक्षता महेंद्र साहू सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेंद्र कुर्रे , लक्ष्मीकांत बंजारे अध्यक्ष सतनामी समाज बोरझरा, ओमप्रकाश बंजारे अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, नारायणलाल सिन्हा अध्यक्ष सिन्हा समाज, डोमनलाल साहू अध्यक्ष साहू समाज, महेश यादव अध्यक्ष यादव समाज, रामगुलाल पटेल अध्यक्ष पटेल समाज थे। जैतखाम में विधिवत पूजा- अर्चना कर पालो चढ़ाया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री देशलहरे ने कहा कि जिले में सतनामी समाज का सामाजिक संगठन मजबूत हुआ है। सतनाम रावटी, नशामुक्ति अभियान, राज्य स्तरीय सम्मेलन, सम्मान समारोह जैसे सामाजिक कार्यक्रम से सतनामी समाज संगठित हुआ है। इस एकता को बनाए रखना है।

डॉ. सुरेंद्र कुर्रे ने कहा कि सात्विक जीवन और उत्तम विचार सतनामियों की पहचान है। सतनामी समाज अपनी संस्कृति और पराक्रम के लिए पहचाना जाता है। अन्याय और अत्याचार के खिलाफ सदैव संघर्ष किया है। महेश यादव एवं नारायण लाल सिन्हा ने सतनाम आंदोलन एवं उपदेशों का अनुसरण करने की बात कही। कुछ दिन पहले एसएससी का रिजल्ट जारी हुआ है जिसमें सतनामी समाज के चार युवा राजीव रात्रे, संजीव रात्रे, प्रदीप बंजारे, वीरेंद्र देशलहरे का चयन हुआ था। पूर्वांश बंजारे का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है। सभी युवाओं को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल एवं श्वेत गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। शिवकुमार बंजारे शिक्षक ने भंडारे का आयोजन किया।

मौके पर शिक्षक रोमन रात्रे, बाबूलाल जोशी, संतोष जोशी, हेमलाल रात्रे, लोकेश रात्रे, अगुन रात्रे, कोमल रात्रे, रामचंद्र खुटे, मंथीर बघेल, द्वारिका रात्रे, गुलाबचंद रात्रे, जगदीश रात्रे, हेमंत बंजारे, शिवकुमार बंजारे, पूनाराम रात्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### परखंदा में मनाया गया सुशासन दिवस



**कुरुद।** परखंदा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। इस शताब्दी वर्ष को भाजपाइयों ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया।

- अटल के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार : टिकेश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टिकेश साहू सरपंच नवागांव ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक अग्रणी व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने कार्यशैली से संगठन एवं प्रत्येक कार्यकर्ता के दिल में पहचान बनाई। इस अवसर पर नरेंद्र साहू, नूनकरण साहू, मुरारी वैष्णव, निशा वैष्णव, टेकराम साहू, चंपू निर्मलकर, लखन कश्यप, केवल निर्मलकर, शत्रुहन बारले सरपंच उपस्थित थे।

### गट्टासिल्ली के अटल चौक में मना सुशासन दिवस



**नगरी।** भाजपा के संस्थापक अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती को भाजपा मंडल कुकरेल के बूथ क्रमांक 114 एवं 113 गट्टासिल्ली के अटल चौक में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम, सरपंच अमिला सामरथ, पूर्व महामंत्री अखिलेश प्रजापति, तारा बाई मांडवी, रामकुमार, युवा मोर्चा भाजपा उपाध्यक्ष राजू, जितेंद्र महिलांग, अशोक, सीताराम चौहान, श्यामलाल मरकाम, अंगद निर्मलकर, जसवंत नेताम, कैलाश यादव, मिथिला प्रजापति, मेनका वर्मा, पंचायत सचिव सुरेश मरकाम, अशोक महिलांग, गौहरी नेताम, गोपाल कौशल, हिरेन्द्र साहू, शिवकुमार सरोज, नीतू निर्मलकर, लल्ली उपस्थित थे।

### डांडेसरा में अटल बिहारी को किया याद



**डांडेसरा(धमतरी)।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को ग्राम डांडेसरा के अटल चौक में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। श्री वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-पाठ किया गया। मौके पर ग्राम पटेल अंगद राम साहू, सरपंच बिन्दु बाई साहू, सचिव खेदन लाल निषद, रोजगार सहायक एमन्त कंवर, कंप्यूटर ऑपरेटर भोलेश्वर यादव, पंचायत सहायक टिकेश्वर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तीजन साहू, पूर्व सरपंच बाहरू राम ध्रुव, मुरलीधर साहू, आलोक चंद्राकर, डेरहूराम साहू, कमला बाई जोशी, नेमीन साहू, जानकी जोशी उपस्थित थे।

### सांकरा में अटल के विकासपरक कार्यों को किया याद



**सांकरा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सांकरा के अटल चौक में मनाई गई। पूर्व प्रधानमंत्री के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर उन्हें नमन किया गया। सचिव मदन सेन ने अपने उद्बोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यों को सीखकर आगे बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर उपसरपंच पारस साहू, बलराम ठाकुरपंच, हेमलाल ध्रुव, डिगेश्वर सिन्हा, शांति मरकाम, रोमन साहू, नागेन्द्र बोरझा, राजू पटेल, जन्मेजय साहू, डायमंड निर्मलकर, भोला परिहार, राकेश परिहार, प्रवीर साहू, हितेश, महेश सिन्हा, ईश्वर मत्स्यपाल, रूपेश कुमार पटेल, मिलन पटेल उपस्थित थे।

### प्रभारी सीईओ का किया स्वागत




**नगरी।** प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी करूणासागर पटेल का जनपद पंचायत परिवार ने स्वागत किया। मौके पर आंनदराम साहू प्रभारी वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, बीपी सौरज लेखापाल, आरएस नेताम विकास विस्तार अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

### दरबा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत दरबा के आबादीपारा में नरसिंग यादव घर से सुकारो घर तक , कुमारी देवांगन घर से तथा शिवा देवांगन घर से आगे सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ। इसके लिए मुहल्लेवासियों ने सरपंच श्रीमती सीमा बघेल तथा जनपद सदस्य पुरुषोत्तम साहू का आभार व्यक्त किया। मौके पर सरपंच सीमा बघेल, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम साहू, परमेश्वरी साहू सभापति कुरूद, पद्मनी साहू पंच, सोम साहू, जामुन लहरे, लोकेश्वरी साहू, शिवा देवांगन, नरसिंग यादव समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें


### भगवान से कभी भी कुछ नहीं मांगना चाहिए : गंगा





**जीजामगांव।** ग्राम बेलर में श्रीमदभागवत कथा के पंचम दिवस माखन चोरी, गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई गई। सुश्री गंगादेवी ने बताया कि हमें भगवान से कभी भी कुछ मांगना नहीं चाहिए, क्योंकि भगवान ने तो हमें सब कुछ दिया है। आज माखन लीला एवं फूलों की होली धूमधाम से मनाई गई।

### भौतिकी विषय की बारीकियों पर हुआ मंथन



**नगरी।** डाइट नगरी में भौतिकी विषय के शिक्षकों का सेवा कालीन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। बच्चों में विषय के प्रति समझ बनाने तथा कठिन भागों को अच्छा ढंग से रुचिकर बनाने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को अलग- अलग समूह में विभाजित किया गया जिसमें विषय आधारित मापन और किरण प्रकाशिकी पर टीएलएम भारद्वाज और हरीश साहू द्वारा प्रदर्शित किया गया।

### फ्लैक्स एवं प्रिंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की पहली बैठक हुई



**धमतरी।** धमतरी फ्लेक्स एवं प्रिंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की पहली बैठक हुई। बैठक में संगठन की एकता, मजबूती पर चर्चा की गई। धमतरी जिले में प्रिंटिंग फ्लेक्स बैनर के संबंध में नई रेट लिस्ट तैयार की गई। संगठन में सदस्यता लेने के लिए कुछ नियम बनाए गए। जिले में प्रिंटर्स एसोसिएशन की तरफ से जो रेट लिस्ट जारी की जाएगी उसी रेट लिस्ट पर सभी प्रिंटर्स और फ्लैक्स मशीन चलाने वाले दुकानदार काम करेंगे। नियम का पालन नहीं करने वाले सदस्यों पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में संगठन के अध्यक्ष जागेंद्र साहू, सचिव राजीव साहू नगरी, उपाध्यक्ष अनूप यादव कुरूद, मीडिया प्रभारी रामचंद्र देवांगन, शिवम डागौर, विश्वनाथ साहू, चंद्रकांत सिन्हा, पंकज साहू, कुंदनसिंग ठाकुर, रामदयाल सिन्हा, प्रितु साहू, हेमंत साहू, ओमप्रकाश साहू, आशु रामरख्यानी, भूमेश साहू मौजूद थे।

### महापौर, पार्षद ने सुनी शिव महापुराण की कथा




**धमतरी।** हटकेशर वार्ड हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का रसपान करने महापौर विजय देवांगन, पार्षद नीलू पवार पहुंचे। भगवान शिव से शहरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। इस दौरान महापौर ने समाज के विभिन्न वर्ग के बीच एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की बात की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह समाज में समरसता और प्रेम का संदेश भी फैलाता है। महापौर ने शिव महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को शिवभक्ति में दृढ़ रहने की प्रेरणा दी।

### खर्रा में अटल बिहारी को किया नमन

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती मनाई गई। गांव के अटल चौक में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। खर्रा सरपंच ने श्री अटल की जीवनी एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डाला।

दोस्तों के साथ सैर-सपाटे में गये बालक की खोजबीन जारी

# इंद्रावती नदी के सातधार वॉटरफाल में डूबा नाबालिग



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में इंद्रावती नदी के सातधार वॉटरफाल में 13 साल के एक नाबालिग के डूबने की खबर है। नाबालिग धमतरी जिले के ग्राम जोरातराई (सि) का रहने वाला है और दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था। नाबालिग का नाम यश कुमार साहू पिता नोहर लाल 13 वर्ष है।

मिली जानकारी के अनुसार यश कुमार अपनी बुआ के लड़के धर्मराज के साथियों के साथ बुधवार की रात करीब 10 बजे घूमने के लिए जगदलपुर के नाम से निकला था। सुबह करीब सात बजे अपने साथियों के साथ बारसूर पहुंचा था। इस दौरान यश और उसके साथी सातधार जाने वाले मार्ग को खुला देख जलप्रपात की तरफ चले गए। यहां सभी नहाने के लिए पानी में उतरे। नहाने के दौरान नाबालिग का पैर फिसला और गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना गुरुवार करीब सुबह 8 बजे की है।

**पानी का फ्लो कम लेकिन गहराई ज्यादा**

मौके पर उपस्थित तहसीलदार संतोष ध्रुव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम के साथ घटनास्थल पहुंच गए। जिस जगह नाबालिग डूबा है, वहां इंद्रावती नदी के पानी से ही जलप्रपात बना है। फिलहाल पानी का फ्लो कम है, लेकिन गहराई ज्यादा है। इससे पहले भी यहां हादसे हो चुके हैं। यश कुमार को खोज निकालने प्रयास जारी है। आज ऑक्सीजन मास्क व वॉटर डिजिटल कैमरा आदि आधुनिक मशीनों की सहायता लेकर ढूंढने का प्रयास किया जायेगा।

**जानकारी मिलते ही पहुंचे जवान**

यश के डूबते ही उसके साथी पास ही स्थित सीआरपीएफ 195 बटालियन के कैप पहुंचे। पूरे मामले की जानकारी जवानों को दी। इसके बाद और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों को भी बुलाया गया। तलाश शुरू की गई, लेकिन अब तक यश का का कोई पता नहीं चल पाया है। इधर सूचना पाकर यश के पिता नोहर साहू, बड़े पिताजी हेमंत साहू , चाचा यशवंत गंजीर, मामा वेदप्रकाश साहू करीब दोपहर 3 बजे घटनास्थल पहुंचे। जहां गोताखोर यश को ढूंढने प्रयासरत थे।

**यश को बचाने की कोशिश में साथी डूबते-डूबते बचा**

मौके पर मौजूद यश के साथियों ने बताया कि यश कुमार समतल जगह पर बैठकर ब्रश कर रहा था। इसी बीच मुंह धोने जैसे ही झुका अनबैलेंस होकर पानी के बहाव में चला गया। यश को बहते देख उसकी बुआ कर लड़का यश को बचाने बहते पानी में कूद गया लेकिन वह यश को पकड़ नहीं पाया। बचाने की कोशिश में वह खुद गहरे पानी के बहाव में चला गया जिसे उनके दोस्तों ने बचाया। इस घटने के बाद सभी गहरे सदमे में हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय वन मेला में वैद्यराज प्रेमचंद सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वन मेला में जिले के वैद्यराज प्रेमचंद को अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मध्यप्रदेश शासन वन विभाग एवं राज्य वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी मर्यादित के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल में 18 से 20 दिसंबर तक अखिल भारतीय परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ वनौषधि ज्ञान गोष्ठी सम्मेलन आयोजन किया गया था।

सम्मेलन में देशभ के वैद्यराज सम्मिलित हुए। इसमें धमतरी जिले से वैद्यराज प्रेमचंद देवदास ने भी भाग लिया। गोष्ठी में सभी वैद्यराज ने अपनी-अपनी जानकारियों का आदान-प्रदान किया।

सम्मेलन में जिले के वैद्यराज प्रेमचंद देवदास को इमरजिंग वैद्य अवार्ड से सम्मानित किया गया। वैद्यराज प्रेमचंद ने कहा है कि वन संरक्षण की दिशा में लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। अद्भुत गुणों से युक्त वनौषधि की रक्षा करना आवश्यक है। वर्तमान में हमारे आहार-विहार में काफी परिवर्तन हो गया है जिसके कारण स्वास्थ्यगत समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। सम्मेलन में वैद्यराज प्रेमचंद देवदास धमतरी, हरबंशी बालोद, डीलेश कुमार जांजगीर चापा, चन्द्रकुमार देवांगन राजिम व अर्जुन श्रीवास शामिल हुए।

## प्रशिक्षितों को मिला जॉब का ऑफर लेटर

**धमतरी।** प्रथम लाइवलीहुड ट्रेनिंग सेंटर धमतरी में बैच नं 56 के 20 स्टूडेंट्स को प्रशिक्षण पश्चात ऑफर लेटर पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व विधायक रंजना साहू एवं जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, संजय ने की। श्रीमती साहू ने विशेष रूप से लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। इसके बाद छात्राओं द्वारा बारी- बारी से अपने अनुभव साझा किए। ऑफर लेटर प्राप्त कर कुछ स्टूडेंट्स भावुक दिखे। छात्राओं का प्लेसमेंट हैदराबाद, राजमंडरी, एलुरु, कुर्नूल में हुआ है। आभार व्यक्त संजय सर ने किया। मौके पर सेंटर हेड हेमा साहू, प्रोग्राम ऑफिसर ललित साहू, प्लेसमेंट एसोसिएट भानु साहू, अनीता साहू, जसविंदर साहू सहित ब्यूटी स्टाफ उपस्थित थे।

## जितेंद्र अध्यक्ष एवं लेखराम बने कोषाध्यक्ष

- छत्तीसगढ़ परिवहन पशुचारा संघ का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



छग परिवहन पशुचारा संघ का गठन हुआ। अध्यक्ष जितेन्द्र यादव छतौना, उपाध्यक्ष मो. हुसैन खान ने बताया कि कई उद्देश्य को लेकर

संगठन का गठन किया गया। ऐसी जगह जहां पर पशुओं को चरने के लिए चारागाह कम हो गया है, ऐसी जगहों पर चारा परिवहन करना, संघ पशुचारा परिवहन में नई तकनीक को प्रोत्साहित करना।

संघ पशुचारा परिवहन से संबंधित अनुसंधान और विकास कार्यों को प्रोत्साहित करना, संघ सरकार और अन्य संगठनों के साथ मिलकर काम करना, कम बजट में सूखा चारा एवं हरा चारा उपलब्ध कराना है। संघ पशुचारा समय पर और बिना किसी नुकसान के गंतव्य तक पहुंचायेगा। परिवहन के दौरान चारे की गुणवत्ता बनी रहे। संघ यह सुनिश्चित करेगा कि परिवहन के दौरान कोई दुर्घटना या हानि न हो। किसानों और पशुपालकों के हितों की रक्षा करना और उनके लिए बेहतर दरें और सुविधाएं प्राप्त करने का प्रयास करना, पशुचारा से संबंधित नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन करना, पशुचारा उद्योग के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है। इस अवसर पर सचिव भुनेश्वर साहू भैंसबोड़, तोमनलाल साहू चरोदा, सहसचिव संतोष तारक, रोहित साहू दादरझोरी, कोषाध्यक्ष लेखराम साहू भैंसबोड़, दिनेश महिलांगे, संरक्षक अशोक चंद्राकर, राधे गुप्ता, सहसंरक्षक हेमाकांत साहू, लोकेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी रामनारायण यदु, हरिश्चन्द्र यदु, लेखापाल झम्मनलाल साहू, फील्ड ऑफिसर दिलीप साहू सहित अन्य उपस्थित थे। सदस्यों ने किसानों से पैरा में आग न लगाने की अपील की।

### कंडेल में वाजपेयी की जयंती मनी

**पुरी।** भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेई की जयंती एवं छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु साय के 1 वर्ष का सुशासन दिवस ग्राम कंडेल के अटल चौक में मनाया गया जिसमें विष्णु की पाती का वाचन किया गया।

## बाजे-गाजे के साथ निकली 26 दूल्हों की बारात

- श्रृंगी ऋषि स्कूल नगरी के प्रांगण में हुआ सामूहिक विवाह
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना लाखों लोगों के लिए आशा की किरण लाती है : अंबिका

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी के प्रांगण में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। 26 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर 26 दूल्हों की बारात बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। बारात का स्वागत महिला एवं बाल विकास तथा जनप्रतिनिधि अधिकारी, कर्मचारियों ने किया। नगर के पुरोहित पंडित ठकुरी प्रसाद शर्मा ने सभी जोड़ों का विवाह करवाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उन लाखों लोगों के लिए आशा की किरण लाती है, जो समाज के अंतिम छोर पर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि समाज जहां खड़ा हो, समाज से जो जुड़ा हो, शासन-प्रशासन खड़ा हो, मुख्यमंत्री का आशीर्वाद प्राप्त हो, समाज की उपस्थिति हो, ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होना और भागीदार बनना अपने आप में गौरव का विषय है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस एवं पिंकी शाह ने कहा कि यह एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन है। श्री बैस ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार के मंशानुरूप महिलाओं के हाथ में कुछ पैसे आ जाएं ताकि महिलाओं का अपने घर में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित हो सके। इसके लिए भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण के लिए प्रभावशाली होगी। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना के लाभान्वित महिलाओं को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अराधना शुक्ला, जनपद अध्यक्ष नगरी अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम,मोहन नाहटा, उपाध्यक्ष हुमित लिमजा, विकल गुप्ता, रवि दुबे, नागेंद्र शुक्ला, चेलेश्वरी, साहू बंशीलाल शोरी, महिला बाल विकास विभाग अधिकारी सोमेंद्र कुमार साहू, पर्यवेक्षक अनीता साहू, निशाबाला भौतेकर, साधना बोदले, हेमंत बंजारे सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

## सशिमं में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब धमतरी में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रुप में मनाया गया। प्राचार्य महेश सपहा, वरिष्ठ आचार्य केवलसिंह साहू, प्रदीप यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर श्री निवास रामानुजन के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित की। आचार्य देवेश यादव ने श्री रामानुजन एवं वैदिक गणित के रचयिता श्रीस्वामी भारतीकृष्ण तीर्थ के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके गणितीय रोचक तथ्यों पर प्रकाश डाला। केवलसिंह साहू ने जीवन में गणित, विज्ञान के महत्व को बताते हुए इसे रोचक एवं आनंददायक कैसे बनाया जाय, उस पर विचार रखे। प्राचार्य महेश सपहा, आचार्य प्रदीप यादव ने गणित का जीवन में उपयोगिता पर विचार रखे। छात्र-छात्राओं के बीच गणित प्रश्नोत्तरी रखी गई। कार्यक्रम रोचक बनाने के लिए आकर्षक गणितीय मॉडल, चार्ट, ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित रंगोली, मेहंदी बनाओ प्रतियोगिता हुई। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजन के लिए पाक-कला का प्रदर्शन हुआ जिसमें लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन छात्र आयुष साहू ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी है।

आवश्यकता है
ग्राम पंचायत सर्वे कार्य हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है।
उम्र-20 से 30 तक
योग्यता-12वीं पास
वेतन-7000 से 12000
संपर्क
91314-22515, 84352-42658

किराए से चाहिए
धमतरी शहर में प्राइमरी स्कूल संचालन हेतु बिल्डिंग किराए से चाहिए
संपर्क-
9424119112




# सीएम देंगे 84 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक के 66 विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

**विष्णुदेव साय आज रहेंगे धमतरी जिले के प्रवास पर**



सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज धमतरी जिले के प्रवास पर रहेंगे। स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शाउमावि के एकलव्य खेल परिसर में आयोजित स्वामित्व कार्ड आबादी के अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री साय जिलेवासियों को कुल 84 करोड़ 43 लाख 54 हजार रूपये के 66 विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा 1 करोड़ 94 लाख 30 हजार रूपये के 10 कार्यों का लोकार्पण और 82 करोड़ 49 लाख 24 हजार रूपये के 56 कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा 1 करोड़ 94 लाख 30 हजार रूपये के 10 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इनमें कृषि उपज मंडी समिति नगरी के 64 लाख 65 हजार रूपये के 5 कार्य, कृषि उपज मंडी समिति कुरूद के 18 लाख 47 हजार रूपये के एक कार्य, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड संभाग रायपुर के 46 लाख 77 हजार रूपये के एक कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा.यां.सेवा) के 40 लाख 30 हजार रूपये के एक कार्य और नगर पंचायत आमदी के 24 लाख 11 हजार रूपये के 2 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। इसी तरह 82 करोड़ 49 लाख 24 हजार रूपये के 56 कार्यों का शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इनमें छ.ग.ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के 13 करोड़ 18 लाख 50 हजार रूपये के 11 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 7 करोड़ 29 लाख 95 हजार रूपये के 4 कार्य, नगरपालिक निगम धमतरी के 1 करोड़ 97 लाख 10 हजार रूपये के 12 कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा.या.सेवा) के एक करोड़ 33 लाख 50 हजार रूपये के 6 कार्य, नगर पंचायत कुरूद के एक करोड़ 10 लाख 80 हजार रूपये के 7 कार्य, जल संसाधन विभाग बांध संभाग क्रमांक 02 के 8 करोड़ 35 लाख 70 हजार रूपये के दो कार्य, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उप संभाग धमतरी के 46 करोड़ 97 लाख 67 हजार रूपये के एक कार्य, कृषि उपज मंडी नगरी के 68 लाख 4 हजार रूपये के 3 कार्य और नगर पंचायत आमदी के एक करोड़ 39 लाख 79 हजार रूपये के 4 कार्य तथा वनमण्डलाधिकारी धमतरी वनमण्डल के 18 लाख 19 हजार रूपये के 6 कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खिसोरा में आज मड़ई रात्रि में होगा नाचा

**मगरलोड।** ग्राम खिसोरा में ग्रामवासियों के सहयोग से 27 दिसम्बर शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। शिक्षक जितेन्द्र साहू, तुलसी निषाद ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए मोर चिरईया के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुलिया कनेरी जिला बालोद का कार्यक्रम होगा।

### प्लेसमेंट कैम्प आज

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 27 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 150 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### 29 को दरगहन एवं 3 जनवरी को भालूचुआ की मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्रामवासियों के सहयोग से 29 दिसंबर को ग्राम दरगहन में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में जय अंबे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी नीचे कोहड़ा अंबागढ़ चौकी का कार्यक्रम होगा। ग्राम भालूचुआ में 3 जनवरी को मड़ई होगी। रात्रि में खुंदनी गुरूर का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। तैयारी में ग्राम प्रमुख जगन्नाथ साहू, सुशील साहू, नीलेश्वर साहू, कोमल साहू, टोमन लाल साहू, ग्राम पटेल हेमू निषाद, उपसरपंच विमल नेताम, ग्रामीण अध्यक्ष अवधराम सिन्हा, रमेश नेताम, रूपेश यदु जुटे हैं।

### जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के तहत महापौर, अध्यक्ष पद पर निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय (व्यय लेखा संधारण) से संबंधित कार्यों को संपादित करने के लिए प्रत्येक नगरपालिका के लिए व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया जाना है। इस संबंध में नगरीय निकाय के रिटर्निंग ऑफिसरों से व्यय संपरीक्षक नियुक्ति हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन नम्रता गांधी ने निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) हेतु लेखाधिकारी चंदन टंडन को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही अधिकारी, कर्मचारियों को व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है। इनमें नगरपालिक निगम धमतरी के लिए लेखापाल संपतलाल पैकरा, नपं मगरलोड के लिए सहायक ग्रेड 2 जितेन्द्र नेताम, नपं नगरी के लिए लेखापाल बलकेश्वरदास सिन्हा, नपं भखारा सहायक ग्रेड- 1 धनेश साहू, नपं आमदी के लिए लेखाधिकारी योगेश भोयर और नपं कुरूद के लिए लेखापाल जीएस पोटाई को व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है।

सिरसिदा मॉब लिंचिंग में बड़ी कार्रवाई करने की मांग

# विद्युत ठेकाकर्मी आत्महत्या मामले में परिजन करेंगे मगरलोड थाना के सामने आत्मदाह




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित ठेका कर्मचारी रवि निर्मलकर के सुसाईड नोट पर एक साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। वहीं सिरसिदा में एक युवक की मॉब लिचिंग से मौत हो गई है। दोनों मामलों पर जिला पटेल समाज ने कलेक्टोरेट एवं एसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। वहीं न्याय नहीं मिलने पर रवि निर्मलकर की पत्नी ने सपरिवार आत्महत्या करने की चेतावनी दी है।

गुरुवार को कलेक्टोरेट मोड़ के पास मृतक रवि निर्मलकर की पत्नी, परिजन, विद्युत ठेकाकर्मी तथा छग जोहर पार्टी, क्रांति सेना ने तख्ती लेकर घंटों प्रदर्शन किया। तिलेश्वरी निर्मलकर पति स्व. रवि निर्मलकर ग्राम अमलीडीह मगरलोड ने एसपी के नाम आवेदन में कहा है कि उनके पति रवि निर्मलकर ने 4 सितंबर 2023 को सुसाईड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली थी। पीड़िता के समर्थन में पहुंचे श्रमिक ठेका विकास संगठन मंत्री दुर्ग, अध्यक्ष सुब्रतलाल, परिजन तुलसी निर्मलकर, जय जोहार पार्टी अध्यक्ष निखिलेश देवान ने बताया कि ठेका कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करके आर्थिक रूप से शोषण किया जा रहा है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण विद्युत ठेका कर्मचारी रवि निर्मलकर द्वारा सुसाईट नोट लिखकर आत्महत्या करना है। इस मामले में मगरलोड पुलिस ने 8 महीने तक छानबीन करने के बाद 30 मई 2024 को एफआईआर दर्ज की। एफआईआर के बाद इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी दोषियों पर अब तक कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई।

तिलेश्वरी निर्मलकर ने एसपी के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि उसका पति विगत 10 साल से विद्युत ठेका कर्मचारी के रूप में आपरेटर का काम कर रहा था, लेकिन उसे ईपीएफ, ईएसआईसी बीमा राशि नहीं मिली है। परिवार के जीवन यापन के लिए डेलीविजेस में काम पर रखने विभाग से निवेदन आवेदन किया, लेकिन उसके पति और परिवार को न्याय नहीं मिला। तिलेश्वरी ने कहा है कि आरोपी ठेकेदार को 10 दिवस के अंदर गिरफ्तार करके न्याय दिलाया जाए। अन्यथा वह अपने 4 साल की बेटी और सासू मां के साथ मगरलोड थाना के सामने आत्मदाह करेंगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।



### पटेल समाज में आक्रोश

गुरुवार को जिला मरार पटेल समाज ने एसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर कहा है कि ग्राम सिरसिदा थाना कुरूद में युवक कार्तिकेय पटेल पिता तुलसीराम पटेल बेगुनाह होने के बावजूद उन पर 23 दिसंबर की रात्रि 2 बजे षड़यंत्रपूर्वक धान चोरी का झूठा आरोप लगाकर कुछ लोग उनके घर में घुसे। लाठी डंडे एवं हाथियार से लैस 20-25 लोगों ने सोये कार्तिकेय को उठाकर सामुदायिक भवन के पास ले जाकर उसकी बेदर्दी से पिटाई की। माता पिता के सामने मार-मार कर उसकी जघन्य हत्या कर दी। बेबस माता पिता हाथ पैर जोड़ते और गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन आरोपियों ने उनकी एक भी नहीं सुनी। घटना के समय गांव का कोटवार भी उसे छुड़ाने गया था, लेकिन उसे भगा दिया गया। समय रहते पुलिस मौके पर पहुंचती तो नवयुवक की जघन्य हत्या नहीं होती। पटेल परिवार के एकलौते चिराग कार्तिकेय की मौत हो गई। जिला मरार पटेल समाज ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने तथा मृतक परिवार को एक करोड़ का मुआवजा राशि देने की मांग की अन्यथा जिला मरार पटेल समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, लखन पटेल, ईश्वर पटेल, शगुन पटेल, नरेश कौशल, केशकुमार पटेल, दिलीप पटेल, अजीत पटेल, उत्तम पटेल, सुखऊराम पटेल, अमरसिंग, नोहर सिंग, राधेलाल, भूषण पटेल, कपिल पटेल, धनीराम पटेल मौजूद थे।

# कांग्रेस पार्षद मुख्यमंत्री को दिखाएंगे काला झंडा

■ भाजपा सरकार पर विकास कार्यों में भेदभाव करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यों में भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्षदों ने बैठक कर आज धमतरी आ रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को काला झंडा दिखाने का निर्णय लिया है। सुबह 11 बजे बिलाई माता मंदिर से काला झंडा लेकर सभा स्थल तक पहुंचेंगे। पार्षद राजेश ठाकुर, सोमेश मेश्राम, केंद्र कुमार पेंदारिया, दीपक सोनकर,कमलेश सोनकर, सूरज गहरवाल, राजेश पांडे, पूर्णिमा गजानंद रजक, नीलू पवार, ममता शर्मा , ज्योति वाल्मीकि ने कहा कि 1500 प्रधानमंत्री आवास योजना में भरे फार्म को निरस्त किया गया। 5 करोड़ के विकास कार्य जिसमें धमतरी के चार प्रमुख मार्ग सिहावा चौक से कोलियारी रोड, अंबेडकर चौक से गंगरेल रोड ,रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक रोड बिलाई माता मंदिर से लक्ष्मी निवास नहर नाका तक रोड चौड़ीकरण कार्यों को निरस्त किया गया। डाकबंगला वार्ड स्थित सोरिद मुक्तिधाम के विकास 55 लाख के कार्यों का भूमिपूजन हो गया था जिन्हें निरस्त कर दिया गया। भाजपा के वार्डों में 6 करोड़ के कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा धमतरी के विभिन्न समाज के सामाजिक भवन के विस्तार हेतु राशि की घोषणा की गई थी। वे सभी विस्तार कार्यों को निरस्त कर दिए गए। शहर में 6 जगह हमर क्लिनिक बनकर तैयार है जिसका राजनीतिक द्वेष के कारण उद्घाटन नहीं करवाया जा रहा है। पोस्ट आफिस वार्ड इतवारी बाजार स्थित पुराने उपस्वास्थ्य केंद्र में कांग्रेस सरकार में 43 लाख के विकास कार्य प्रांरभ हो गए थे जिसे राजनीतिक द्वेष के कारण रोक दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी चौक नामकरण कर प्रतिमा स्थापना करने के कार्यों को निरस्त कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल परिसर निर्माण कार्य किया जा रहा है।

# मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में शहीदी दिवस मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शहीदी दिवस मनाया गया।

सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह एवं उनके परिवार की शहादत को नमन किया गया। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने धर्म और देश की रक्षा के लिए परिवार सहित अपने प्राणों की आहुति दी थी। इसी तरह हमें भी अपने देश एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। विद्यार्थी इश्मित कौर बग्गा और जगवीर सिंह मुंडी ने भी गुरु गोविंद सिंह के बलिदान एवं उनके जीवन के विषय में अपने विचार साझा किए।

# नए साल में सीएम से नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव आज धमतरी आयेंगे

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शुक्रवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जि ले वा सि यों एकलव्य खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 84 करोड़ रूपए से अधिक के 66 विकास कार्यों की सौगात को देंगे। इसके अलावा स्वामित्व कार्ड, आबादी के अधिकार अभिलेख का वितरण करेंगे। जिले की ग्रामीण आबादी भूमि में निवासरत लोगों को मालिकाना हक प्रदान करेंगे।

इसके अलावा धमतरीवासियों को नई घोषणाओं का इंतजार है। सीएम के दूसरी बार धमतरी आगमन पर लोगों को उम्मीद की नजर आने लगी है। धमतरी जिला सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य जैसे मामलों में काफी पिछड़ा हुआ है। गंगरेल बांध को विकसित कर पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने की जरूरत है।

शहरी के नागरिक विजय शर्मा, अनिल यादव, चेतन मरकाम, अजय दादरा, प्रकाश हिरवानी का कहना है कि वर्षों से उपेक्षित धमतरी जिले के विकास के लिए स्वयं श्री साय को रूचि लेने की जरूरत है। धमतरी पिछड़ापन का दंश झेल रहा है। लोगों की पुरानी मांग जिला अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त बनाना, मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, अंग्रेजी माध्यम कालेज, हाईटेक बसस्टैंड, गोकुल नगर, गंगरेल पर्यटन का विकास, खस्ताहाल सड़कों का उन्नयन, हाईकोर्ट खंडपीठ, कन्या कालेज में नया संकाय, बड़ी रेललाइन, बीएड, डीएड, कृषि कालेज, उद्यानिकी, आईटी सेक्टर, सिटीबस, जू पार्क है जो अब तक पूरी नहीं हुई है। अब सीएम की आगमन के साथ इन पर उम्मीद बंधी हुई है कि धमतरी विकास की रफ्तार को भी पंख लग सके।



### विकास में धमतरी जिला पिछड़ रहा

धमतरी के लिए यह विडंबना है कि जब भी छग में सरकार बनती है तक धमतरी का विधायक विपक्षी पार्टी का होता है। यह स्थिति पिछले एक दर्शक से हो रही है। विपक्षी विधायक होने के कारण शासन से विकास कार्यों के लिए फंड मिलना मुश्किल हो जाता है। पड़ोसी विधानसभा में विकास हो रहा है। धमतरी काफी वर्षों से पिछड़ रहा है। अब तो स्थिति यह है कि यहां की जनता को अपनी जरूरतों के लिए लोकतांत्रिक रूप से मैदान में खड़े होने की जरूरत है।

### पार्किंग एवं रूट व्यवस्था

मुख्यमंत्री के धमतरी आगमन पर पुलिस विभाग ने सुगम आवागमन के लिए पार्किंग व रूट चार्ट बनाया है जिसमें वीवीआईपी पार्किंग कार्यक्रम परिसर, वीआईपी के लिए पिंक सिटी कालोनी, मगरलोड कुरूद से आने वाले लोग देवांगन धर्मशाला के पास, कुकरेल सिहावा वाले दानीटोला स्कूल पार्किंग, गौशाला मैदान, शासकीय वाहन गोकुलपुर बैलाबाजार, नगरी मगरलोड धमतरी की तरफ वाले वाहन नहरनाका मां परमेश्वरी ट्रेक्टर्स के सामने, कुरूद भखारा वाले सीवीके मोटर्स के सामने पार्किंग में वाहन खड़े करेंगे।

# साईं के दरबार में लगी भक्तों की भीड़, निकली पालकी यात्रा



■ हुई मंगल आरती, भंडारे में लोगों ने किया प्रसादी ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

साईं जन्मोत्सव पर बुधवार को शहर के साईं मंदिरों में सुबह पट खुलते ही दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लग गई जो देर रात तक चलती रहा। भक्तों ने साईं का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। पालकी यात्रा निकाली। आम भंडारे में प्रसादी ग्रहण किया। मंगल आरती में शामिल होकर साईं सच्चरित्र का पाठ किया। भक्तों ने हवन कुंड में मनोकामना के लिए पूर्णाहुति डाली।

इतवारी बाजार स्थित साईं बाबा मंदिर में दिन भर भक्तों की भीड़ रही। यहां 28वां स्थापना वार्षिकोत्सव भी मनाया गया। मंदिर के पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि सुबह 7 बजे सामूहिक श्री साईं सच्चरित्र पाठ हुआ। 7.30 बजे अभिषेक, 8.30 बजे आरती एवं 11 बजे हवून -पूजन हुआ। दोपहर 12.30 बजे मंदिर प्रांगण में साईं प्रसादी का वितरण किया गया। 3 बजे के बाद आम भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को मंगल आरती हुई। इस अवसर पर डॉ. एनपी गुप्ता, जानकी प्रसाद शर्मा, समरभूषण गुप्ता, महेश पंसारी, चंदूलाल सिन्हा, तपन यादव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, परेश लोहाना, भूरा ग्वाल, बिहारी अग्रवाल, राजेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद थे। इसी तरह कोष्टापारा, टिकरापारा, दानीटोला वार्ड महिमासागर वार्ड के साईं मंदिरों में विशेष पूजा पाठ कर पालकी यात्रा निकाली गई। इस दौरान पार्षद राजेश पांडे, आशुतोष खरे, देवेन्द्र देवांगन, रूपेश रिगरी, दिनेश कुंभकार, देवेश साहू, लल्ला ढीमर उपस्थित थे।

# अटल ने अपनी कार्यशैली से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा



■ कुर्रा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई गई


हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

ग्राम कुर्रा में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि वाजपेयी का भाषण विरोधी भी सुनते थे। जब तक अटल बिहारी वाजपेयी जीवित रहे सक्रिय राजनीति में रहे। उन्होंने अपनी कार्यशैली से पूरे देश को बरबस अपनी ओर आकर्षित किया। गुणवत्ता के कारण ही विपक्ष का नेता रहते हुए उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व यूएनओ के अन्दर किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु ने बताया कि कारगिल का युद्ध देश के लिए एक मिसाल बना, जब अटल जी स्वयं बॉर्डर पर पहुंचे और भारत के सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। अटलजी का जीवन प्रेरणादायक है। मौके पर राजू चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, खम्हन साहू सरपंच, परमेश्वर साहू, प्रभुराम साहू बूथ अध्यक्ष, धनीराम साहू, पुनाराम, बिशेसर पटेल, जनक बांसकर, यशवंत साहू, कांशी राम, हिम्मत साहू, भागवत साहू, छत्रपाल सिन्हा, हरीश साहू, कमलेश यदु, चोवा राम, गोविंद साहू, मदन साहू, तरूण साहू, श्याम सुंदर यादव, मिथिलेश यादव उपस्थित थे।

# हल्की मध्यम बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

### आज व कल मौसम खराब रहेगा



शुक्रवार तथा शनिवार को प्रदेश में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। प्रदेश में शनिवार तक न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक गिरावट हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को दक्षिण छग के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। ऊपरी वायु का चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम आंध्रप्रदेश, उत्तर तमिलनाडु तट से सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर समुद्र तल से 1.5 किमी ऊंचाई तक बना हुआ है। मध्य ट्रोपोस्फेरिक पश्चिम हवाओं में पश्चिम विक्षोभ एक गर्त के रूप में इसके अक्ष के साथ समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं एक दो स्थानों पर वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है।

# रामसागरपारा में नलकूप खनन के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रामसागरपारा वार्ड में नवलकिशोर मिश्रा घर के सामने नलकूप खनन का भूमिपूजन दौवाराम साहू रिटायर्ड पोस्टमेन, पार्षद श्रीमती श्यामा साहू ने किया। मौके पर विनय कुमार मिश्रा, लक्ष्मीकांत दीवान, भोलाराम साहू, जमुना साहू, नवीन दीवान, दिनेश शर्मा, तरला शर्मा, महेश्वर निषाद, प्रकाश यादव, आयुष साहू, सुनील रजक, शौर्य साहू समेत अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।



# खर्रा में अटल बिहारी को किया नमन

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती मनाई गई। गांव के अटल चौक में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। खर्रा सरपंच ने श्री अटल की जीवनी एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डाला।

मौके पर पार्वती कश्यप सरपंच, अजय कश्यप सरपंच प्रतिनिधि, नरेंद्र ध्रुवंशी प्राधिकृत अधिकारी दर्रा सोसाइटी, हेमलाल यादव, रोहित साहू, बिसाहू, बैशाखू, शशि ध्रुवंशी, विजय, ईश्वर तारक, गिरजा, मुकेश्वरी, यशवंत पटेल, तिजऊ, जमुना, गंगा, धनेश, अर्जुन, बृजराज, रामकुमारी, डेकेश्वर, उत्तम, खेमिन, परमानंद ध्रुव सहित अन्य उपस्थित थे।

स्वामी जी-93406-38884
10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025 , 19 फरवरी से 01 मार्च 2025
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025,
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020